हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 26 फरवरी 2026

04 बीनागंज में पोषण आहार के खाली कट्टों का ...



07 मंडी में सरसों, मसूर और तिवड़ा की नई फसलों के आगमन का...





## समाचार संक्षेप

### संगठन की मजबूती के लिए गुना पहुंचीं सह-प्रभारी संजना जाटव; कार्यकर्ताओं को दिया एकता और संघर्ष का मंत्र

**गुना।** मध्यप्रदेश कांग्रेस की सह-प्रभारी और भरतपुर सांसद संजना जाटव एक दिवसीय दौरे पर गुना पहुंचीं। नवनियुक्त सह-प्रभारी के रूप में अपने प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने जिला कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक ली और संगठन की मजबूती को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संजना जाटव ने स्पष्ट किया कि संगठन में समन्वय ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने नेताओं को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होने की नसीहत दी।एकल चर्चा सामूहिक बैठक के बाद उन्होंने जिले के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व विधायकों और पदाधिकारियों के साथ बंद कमरे में एकल चर्चा की। इस दौरान उन्होंने विधानसभावार गुटबाजी, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और आगामी स्थानीय चुनौतियों पर फीडबैक लिया। सांसद जाटव ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सोशल मीडिया के साथ-साथ जमीनी स्तर पर जनता से जुड़ें और सरकार की विफलताओं को आम जन तक पहुँचाएँ।

### तौल विभाग गुना के द्वारा जिले में 65 विभिन्न संस्थानों की जांच, 5 प्रकरण पंजीबद्ध

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार में विगत दिवस 24 फरवरी को नाप तौल विभाग गुना के द्वारा जिले में 65 विभिन्न संस्थानों (किराना, दूध डेयरी, मिठाई संस्थानों, कबाडा, लोहा व्यापारी मसाला आटा चक्की, कृषि सेवा केंद्र, गल्ला एवं अन्य संस्थान) की जांच कर विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 की विभिन्न धाराओं के तहत 05 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये, ये जांच संपूर्ण जिले में निरंतर जारी रहेगी।

### होली त्योहार के मद्देजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिए मावा व मिठाइयों के सैंपल

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा प्रशासन डॉ० राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा होली त्यौहार के मद्देनजर जिले में होटल, रेस्टोरेंट एवं मिठाई दुकानों की जाँच कर मावा एवं मिठाई के सैम्पल संग्रहित किए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा एबी रोड़ रूठियाई स्थित महाकाल रेस्टोरेंट से मावा बर्फी, नमकीन सेव, अग्रवाल मिष्ठान भण्डार से बेसन के लड्डू एवं मलाई बर्फी, अंजली रेस्टोरेंट रूठियाई से मलाई बर्फी, नमकीन सेव, आर्य समाज स्कूल के सामने, एबी रोड़ए गुना स्थित राज स्वीट्स से मावा, बर्फी एवं महावीर मिष्ठान भण्डार से मावा के लड्डू एवं बूँदी के लड्डू के सैम्पल जाँच हेतु संग्रहित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को भेजे हैं। जिनकी जाँच रिपोर्ट आने पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ताओं को साफ-सफाई एवं शुद्ध व ताजा मिठाई एवं अन्य खाद्य सामग्री बेचने संबंधी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कन्याल के निर्देशानुसार मिलावट के विरूद्ध अभियान अंतर्गत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठनों की जांच एवं सैम्पलिंग कार्यवाही निरंतर जारी है।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 7 मार्च तक होगा पंजीयन

**गुना ।** मौजूदा रबी विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये किसान भाई 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। गुना जिले में 35 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं। इन केन्द्रों पर निःशुल्क पंजीयन कराया जा सकता है। इसके अलावा एमपी ऑनलाइन, लोक सेवा केन्द्र व कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से भी निर्धारित शुल्क देकर किसान अपना पंजीयन करा सकते हैं।

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने खाद्य, सहकारिता व कृषि सहित अन्य संबंधित विभागों के मैदानी अधिकारियों को किसानों को पंजीयन के लिये प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं। भारत सरकार द्वारा गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये ज्यादा है। अभी तक गुना जिले में कुल 4803 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन पट्टा एवं सिकमी बंटाईदार किसानों को 2 फरवरी 2026 के पूर्व की अवधि का पंजीकृत होने पर ही मान्य किया जायेगा।

# आरोन में गुस्साः सड़क पर शव रखकर जाम लगाया

### परिजनों ने की आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाने और हत्या का केस दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना/आरोन

जिले के आरोन कस्बे में बुधवार को उस समय तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई, जब संदिग्ध सडक़ हादसे में मृत शिवभान सिंह सोलंकी के परिजनों और समाजजनों ने सिरोंज बायपास पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। भारी संख्या में जुटे आक्रोशित लोगों ने पुलिस और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। परिजनों का साफ तौर पर आरोप है कि मंगलवार शाम बजरंगगढ़ के पास हुई घटना कोई सामान्य सडक़ हादसा नहीं, बल्कि सोची-समझी साजिश के तहत की गई हत्या है।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि दोषियों पर तत्काल हत्या (धारा 302) का मामला दर्ज किया जाए और उनके अवैध निर्माणों पर प्रशासन का बुलडोजर चलाया जाए।

चक्काजाम के कारण बायपास के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंचे पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी आरोपियों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। परिजनों का कहना है कि मंगलवार दोपहर को हुए विवाद के बाद विपक्षी पक्ष ने रंजिश के चलते जानबूझकर शिवभान सिंह की कार को पीछे से टक्कर मारी, जिससे उनकी मौत हो गई और उनके दो बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बेटों ने अस्पताल से दिए बयान में स्पष्ट किया था कि धर्मेंद्र सोनी, कल्ला जैन और अन्य लोगों ने उनका पीछा कर गाड़ी चढ़ाई है।



उल्लेखनीय है कि इस पूरे खूनी संघर्ष की पटकथा मंगलवार दोपहर को आरोन के प्रताप मार्ग पर एक प्लॉट विवाद के साथ शुरू हुई थी। मारपीट की उस घटना के बाद जब शिवभान सिंह अपने बेटों के साथ शिकायत करने गुना आए थे, तब लौटते समय बजरंगगढ़ टोल नाके के पास यह वारदात हुई। परिजनों का आरोप है कि पुलिस इस मामले को केवल दुर्घटना के रूप में देख रही है, जबकि यह एक सोची-समझी हत्या है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं और आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाए जाते, तब तक वे प्रदर्शन समाप्त नहीं करेंगे। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और वरिष्ठ अधिकारी मामले को शांत कराने की कोशिश में जुटे हैं।

### पशु आहार के कट्टे बेईमानी पूर्वक ले जाने के मामले में पुलिस की कार्रवाई

# आरोपियों के कब्जे से बेचे गए माल के 3 लाख रुपए नकदी सहित घटना मे प्रयुक्त ट्रक जब्त

### आरोपी ट्रक चालक व माल खरीदने वाला खरीदार पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त, कुशल एवं संवेदनशील नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध लगातार प्रभावी एवं त्वरित कार्यवाहियां की जा रही हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मागदर्शन एवं सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में गुना कोतवाली पुलिस द्वारा एक व्यापारी के पशु आहार के 200 कट्टे गवन किए जाने के मामले में तत्पर और प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी ट्रक चालक सहित माल खरीदने वाले खरीददार को गिरफ्तार कर जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त ट्रक व बेचे गए माल के 03 लाख रुपये जप्त किए गए हैं ।



उल्लेखनीय है कि महावीरपुरा गुना निवासी व्यापारी देवेन्द्र साहू ने गुना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने तिवाना न्यूट्रीशन ग्लोबल प्रायवेट लिमिटेड देवास से पशु आहार के 600 कट्टे (प्रत्येक में 50 किलोग्राम) मंगाए थे । जो कि माहेश्वरी ट्रांसपोर्ट इंदौर के ट्रक क्रमांक RJ09 GC 0144 से गुना आए थे । ट्रक चालक दिनांक 16 फरवरी 2026 को ट्रक लेकर गुना आया तो उसमें से पशु आहार के 500 कट्टे उतार लिए थे बाद में पुनः 100 कट्टे और ट्रक में भरकर कुल 200 कट्टे दीनू किराना बेरखेडी के यहां उतारने के लिए ट्रक चालक को भेजा था जो कि ट्रक चालक ने पशु आहार के 200 कट्टे कीमती करीबन 03 लाख रुपये उक्त पते पर न पहुंचाते हुए कहीं और ले गया जिस पर से गुना कोतवाली में अप.क्र. 91/26 धारा 316(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था । अमानत में खयानत किये जाने के उपरोक्त प्रकरण के आरोपी ट्रक चालक की गुना कोतवाली पुलिस द्वारा सघन तलाश व पतारसी की गई और दिनांक 22 फरवरी 2026 को ट्रक चालक देवेन्द्र पुत्र नारायण सिंह सिसोदिया उम्र 46 साल निवासी नजीराबाद जिला भोपाल को गिरफ्तार कर लिया गया जिसने पूछताछ पर जुर्म स्वीकार करते हुए पशु आहार के 200 कट्टे व्याबरा के संस्कृति ढावा संचालक राहुल सौंधिया को दो लाख रुपये में बेच देना और बेंचे गए माल के 30 हजार रुपये देना बाकी 1.70 लाख रुपये बाद में देना बताया । पुलिस द्वारा आरोपी ट्रक चालक से 30 हजार रुपये नकदी एवं घटना में प्रयुक्त ट्रक को जप्त किया गया । जिस पर से प्रकरण में आरोपी खरीददार राहुल सौंधिया को भी आरोपी शुमार कर प्रकरण में धारा 317(2) बीएनएस इजाफा की गई ।

गुना कोतवाली पुलिस द्वारा प्रकरण के आरोपी की तलाश हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आरोपी की निरंतर तलाश की गई जिसके परिणाम स्वरुप गत दिनांक 24 फरवरी 2026 को प्रकरण में फरार दूसरे आरोपी राहुल पुत्र शिवनारायण सौंधिया उम्र 26 साल निवासी ग्राम मिट्ठनपुर चौकी थाना मलावर जिला राजगढ हाल संस्कृति ढावा एबी रोड व्याबरा को गिरफ्तार कर लिया गया, पुलिस द्वारा जिसके कब्जे से पशु आहार कट्टों की शेष राशि 2.70 लाख रुपये को विधिवत जप्त किया गया । पुलिस द्वारा दोनों गिरफ्तारशुदा आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया है । गुना कोतवाली पुलिस की इस कार्यवाही में इंचार्ज थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रुहिल शर्मा, सउनि हरिचरण मीना, प्रधान आरक्षक रमेश गुर्जर, प्रधान आरक्षक दीपक तोमर, प्रधान आरक्षक मनोज शर्मा एवं सैनिक रंजीत समर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

## कलंक धुला, ममता जीतीः 360 दिन बाद हाईकोर्ट ने मां को बेकसूर ठहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना के अभ्युदय हत्याकांड में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट, ग्वालियर खंडपीठ ने मां अल्का जैन को पूरी तरह दोषमुक्त करते हुए उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर और समस्त आपराधिक कार्यवाही को निरस्त कर दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि सिर्फ शक पर मुकदमा चलाना न्याय का हनन है। 14 फरवरी 2025 की घटना 15 वर्षीय अभ्युदय अपने घर के बाथरूम में मृत पाए गए। मां अल्का जैन ने उन्हें फंदे पर लटका देखा और बचाने की कोशिश की। लेकिन तत्कालीन पुलिस ने बिना पुख्ता सबूत उन्हें ही हत्या का आरोपी बना लिया। 8 मार्च को अल्का जैन को गिरफ्तार किया गया और 98 दिन जेल में रहना पड़ा। एसडीओपी अवनीत शर्मा की टीम द्वारा की गई एसआईटी जांच में स्पष्ट हुआ कि यह आत्महत्या का मामला था। मेडिकल रिपोर्ट और विशेषज्ञ राय ने पुलिस की थ्योरी को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के संदेह ध्वस्त किएलास्ट सीन थ्योरीः मां और बेटे का साथ होना अस्वाभाविक नहीं, दुपट्टा और फंदा विवादः अनुमान आधारित था।मानवीय व्यवहारः रोजमर्रा की चीजों को अपराध से जोड़ना गलत। मेडिकल रिपोर्टः स्ट्रैंगुलेशन की स्थिति में आंखों में हेमरेज सामान्य।360 दिन का संघर्ष और न्याय की विजयअल्का जैन को करीब 360 दिनों तक अपने बेटे की कातिल होने का दंश झेलना पड़ा। हाईकोर्ट का यह फैसला न केवल उनके चरित्र पर लगे कलंक को धोया, बल्कि पुलिस प्रशासन के लिए चेतावनी भी है कि भावनाओं और शक पर किसी की जिंदगी बर्बाद नहीं की जा सकती। अवनीत शर्मा, एसआईटी सदस्य एसडीओपी ने कहा कानून का मकसद निर्दोष को न्याय दिलाना भी है। वैज्ञानिक साक्ष्यों से हमने पाया कि मां निर्दोष है। आज हाईकोर्ट के फैसले से हमें संतुष्टि है कि हम एक मां को इंसाफ दिला सके।

## नपा अध्यक्ष ने उपाध्यक्ष सहित सात पार्षदों के विरुद्ध लगाया मानहानि का मुकदमा



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नपा अध्यक्ष द्वारा अभी हाल ही में दिये गये बयान के अनुसार नगर पालिका गुना के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी सहित 7 पार्षदों के विरुद्ध न्यायालय में मानहानि का मुकदमा पेश कर दिया गया है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका के उपाध्यक्ष सहित 7 पार्षदों के द्वारा झूठे एवं मिथ्या आरोपों के सहारे राजनीतिक रोटियां सेकने का प्रयास किया जा रहा हैं, वह लगातार झूठे आरोप लगाकर न केवल मेरी छवि खराब कर रहे हैं ,बल्कि भाजपा की नपा परिषद में कांग्रेस के कुछ पार्षदों के साथ मिलकर शहर के विकास में रोड़ा अटकाने का भी प्रयास कर रहे हैं। यही नहीं उक्त पार्षद जिला प्रशासन के समक्ष भी झूठी शिकायतें कर प्रशासन पर दबाव वनाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि इनमें से अधिकांश भाजपा पार्षद खुद तरह तरह के आरोपों के घेरे में हैं।

पूर्व में भी कुछ भाजपा पार्षदों द्वारा कॉग्रेस के पार्षदों के साथ मिलकर कलेक्टर न्यायालय में झूठे आरोप लगाकर शिकायत की गई थी,जो झूठी पाये जाने पर खारिज कर दी गई थी।इसके पूर्व में भी मैंने न पा उपाध्यक्ष के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, लेकिन भाजपा संगठन व वरिष्ठ नेताओं के कहने पर तत्समय यह मुकदमा वापस ले लिया था।इस दौरान किये गये वायदे के वाद भी उनके द्वारा लगातार झूठी शिकायतें और मिथ्या आरोप लगाकर, लगातार न केवल मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है,बल्कि समाज में भी मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। पूर्व में झूठे आरोंपो युक्त एक वायरल वीडियो में वयान देंने वाले व्यक्ति ने भी पुलिस के समक्ष माना था कि यह वीडियो न पा उपाध्यक्ष द्वारा फर्जी तरीके से बनवाया गया था,इसके वाद भी पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की थी।इसके वाद से भी लगातार झूठे आरोप लगाकर भाजपा शासित नपा की महिला अध्यक्ष को भाजपा के ही नपा उपाध्यक्ष सहित सात पार्षदों द्वारा जबरिया मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।इन सभी को पार्टी संगठन द्वारा अनुशासन हीनता के संबंध में समय समय पर नोटिस भी दिये गए हैं एवं मेरे द्वारा भी कई बार जिले से लेकर प्रदेश संगठन और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को इस संदर्भ में लिखित में अवगत कराया जा चुका है।इसके वाद भी पार्टी के इन पार्षदों द्वारा मुझ महिला भाजपा न पा अध्यक्ष के खिलाफ रोज नये षडयंत्र रचे जा रहे हैं,जिससे न केवल मेरी छवि धूमिल हो रही है,वल्कि भाजपा संगठन की प्रतिष्ठा भी धूमिल हो रही है। लेकिन इसके वाद भी इन पार्षदों के खिलाफ कोई कार्रवाही नहीं हो सकी है, और इसी से हौंसला पाकर यह सभी न केवल मुझे व मेरे परिवार को बदनाम कर रहे हैं ,बल्कि पार्टी की छवि भी निरंतर धूमिल कर रहे हैं ।इस संदर्भ में जब किसी भी स्तर से मुझे पार्टी व वरिष्ठ नेतृत्व का संरक्षण नहीं मिला तब मुझे मजबूरन इन सभी के खिलाफ माननीय न्यायालय के समक्ष मानहानि का मुकदमा पेश करना पड़ा है।

## बोर्ड परीक्षाओं की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर ने किया 2 विद्यालयों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में संचालित बोर्ड परीक्षाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शहर के शारदा स्कूल, कैंट तथा पीएम श्री एकीकृत शासकीय कन्या विद्यालय गुना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परीक्षा कक्षों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की उपस्थिति, बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण प्रणाली तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से जांच की। कलेक्टर कुछ समय तक कक्षाओं में परीक्षा संचालन की प्रक्रिया भी देखते रहे।

कलेक्टर कन्याल ने इनविजिलेटर (कक्ष निरीक्षक) से चर्चा करते हुए पूछा कि परीक्षा संचालन में किसी प्रकार की समस्या तो नहीं आ रही है। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि प्रश्नपत्र समय पर परीक्षा केंद्रों तक पहुंच रहे हैं और कहीं भी नकल जैसी कोई घटना तो नहीं हो रही है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षाएं शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हों। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस औचक निरीक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### कृषक कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत गुना जिले में किसानों को दी गई उन्नत तकनीकों की जानकारी

# दो दिवसीय कृषि विज्ञान व मिलेट मेले का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना






कृषकों की आय वृद्धि, उन्नत तकनीकों के प्रसार और नवाचार आधारित खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला सह मिलेट मिशन मेला का शुभारंभ 25 फरवरी 2026 को जलसा मैंरिज गार्डन, गायत्री मंदिर के सामने गुना में किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार,कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल,जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र सिंह किरार, संतोष धाकड़, सांसद प्रतिनिधि अशोक शर्मा, कल सिंह पटेलिया, कृषि स्थाई समिति अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राजपूत, मुनेश धाकड़, रमेश मालवीय सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं उपसंचालक कृषि संजीव शर्मा, उपसंचालक उद्यानिकी केपीएस किरार सहित अन्य अधिकारी एवं लगभग 2000 कृषकगण उपस्थित हुये।इस अवसर पर कार्यक्रम में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की ओर से भी किसानों की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि जिले के किसान निरंतर नए-नए प्रयोग कर विकास की राह में आगे बढ़ रहे हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष किसानों ने उल्लेखनीय परिवर्तन किए हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है और कृषि के नए मॉडल विकसित हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। प्राकृतिक खेती का महत्व समझाते हुए उन्होंने कहा प्रारंभिक वर्ष में उत्पादन कुछ कम हो सकता है, किंतु समय के साथ उत्पादन में वृद्धि होती है। जैविक उत्पादों की बाजार में मांग अधिक है और इनके बेहतर दाम भी प्राप्त होते हैं। विभिन्न प्रमाणपत्र मिलने से निर्यात में भी सुविधा होती है तथा जैविक उत्पाद स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होते हैं। जैविक उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक रविवार को हाट बाजार लगाया जा रहा है। इस मॉडल को आगे ब्लॉक और पंचायत स्तर तक विस्तारित करने की कार्ययोजना भी बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कृषि सखियाँ भी किसानों को निरंतर जागरूक कर रही हैं। विशेष बात यह है कि महिलाएँ स्वयं आगे आकर किसानों को तकनीकी जानकारी प्रदान कर रही हैं और उन्हें नई-नई कृषि विधियाँ सीखा रही हैं। इस वर्ष ई-विकास प्रणाली भी लागू की गई है, जिसके तहत किसानों को अब लंबी कतारों में खड़े होने की आवश्यकता नहीं होगी। ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था की गई है, जिससे किसानों को मोबाइल पर ही यह जानकारी मिल जाएगी कि किस केंद्र से, किस तारीख को और किस स्लॉट के लिए खाद उपलब्ध होगा। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के किसान पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष पराली न जलाने में जिला अग्रणी रहा है। कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का भी अवलोकन किया गया।मेले में कृषि विज्ञान केन्द्र देवास से वैज्ञानिक डॉ.आर.पी.शर्मा तथा डॉ.के.एस. भार्गव, कृषि विज्ञान अशोकनगर से डॉ. बी.एस.गुप्ता, डॉ. व्ही.के.जैन तथा डॉ.हेमंत कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र आरोन से डॉ.धमेन्द्र सिंह तथा डॉ.अमित कुमार द्वारा किसानों को नई कृषि तकनीकों का प्रसार, उन्नत बीज व किस्मों का प्रदर्शन, जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, कृषि यंत्रो की विस्तृत जानकारी कृषकों को प्रदान की गई।

साथ ही प्रगतिशील किसानों, कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन एवं संवाद सत्र आयोजित किए गये एवं मेले में प्राकृतिक खेती, मिलेट गैलेरी, खाद, बीज, दवा, सिंचाई उपकरण, कृषि यंत्र निर्माता/ विक्रेता कंपनियों द्वारा अपनी स्टॉल के माध्यम से अपने उत्पादों की जानकारी प्रदान की गई।

## समाचार संक्षेप

### राम गोपाल साहू शिक्षक बने प्रदेश उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

मप्र तैलिक साहू सभा भोपाल द्वारा मां कर्मा देवी धाम घुरेल गिदौंरहाट व्याबरा के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी रामगोपाल साहू शिक्षक आरोन को प्रदेश उपाध्यक्ष पर नियुक्त किया गया है । ज्ञात रहे कि इनके कार्यकाल में कर्मा धाम घुरेल गिदौंरहाट व्याबरा में मां कर्मा देवी का मंदिर पूर्णता की और है ।इनकी ऊर्जा सामाजिक सेवा और निष्ठा को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने इनको उपाध्यक्ष का दायित्व दिया है।



उल्लेखनीय है कि गुना जिले के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि मध्य प्रदेश तेलिक साहू सभा समिति में प्रदेश उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर इनका चयन हुआ है। इस गरिमामय दायित्व के लिए गुना जिले की साहू समाज द्वारा हृदय से वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है साथ ही उपाध्यक्ष पद मिलने पर समाज द्वारा रामगोपाल साहू को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है यह चयन न केवल इनके व्यक्तिगत परिश्रम, समाज के प्रति समर्पण और निरंतर सक्रियता का परिणाम है, बल्कि पूरे साहू समाज के लिए गर्व और सम्मान की बात है। इनके नेतृत्व में समाज को नई ऊर्जा, नई दिशा और संगठन को नई मजबूती मिलेगी, एव अपनी इस नियुक्ति पर शिक्षक साहू द्वारा भी वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया गया है । वही हर्ष व्यक्त करते बधाई देने वालों में राजेश साहू (जिला सह-कोषाध्यक्ष, भाजपा - गुना), कमलेश साहू, कुंभराज मुकेश साहू,रमेश साहू बूढ़ाखेड़ा खुमान साहू एडवोकेट घनश्याम साहू राजेश साहू खुससी लाल साहू लल्ली राम साहू मुंशी अशोक साहू, सुनील साहू, दिनेश साहू, एडवोकेट अरविंद साहू आरोन संतोष साहू, मनीष साहू, कुलदीप साहू निकलेश साहू जमनालाल साहू रविन्द्र साहू ओमप्रकाश साहू सौरभ साहू सहित अनेक समाज जन शामिल हैं।

### बीनागंज में भरतपुर लोकसभा सांसद संजना जाटव का कांग्रेसजनों ने किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

बीनागंज में संजना जाटव, भरतपुर लोकसभा सांसद एवं मध्य प्रदेश की सह-प्रभारी, का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चाचौड़ा द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. संजय मीणा, सौरभ यादव, नारायण सिंह भील, हेमराज जाटव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पमालाओं एवं आत्मीय अभिनंदन के साथ उनका स्वागत किया।कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक मजबूती, जनसमस्याओं एवं आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की गई। बीनागंज में आयोजित यह स्वागत समारोह कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह और एकजुटता का संदेश देने वाला रहा।

### प्रशासन ने की त्वरित कार्रवाई

# बीनागंज में पोषण आहार के खाली कट्टों का दुरुपयोग हुआ उजागर





हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण आहार के खाली कट्टों के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। प्रशासन को मिली सूचना के बाद संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई की साथ में महिला बाल विकास अधिकारी श्रवण नागले भी मौजूद रहे। पोषण आहार आता हे वह शिवपुरी से आता हे एवं पकड़े गए कट्टे बाड़ी मध्यप्रदेश के है।अनुविभागीय अधिकारी रवि मालवीय ने बताया कि प्रशासन को सूचना मिली थी कि सरकारी योजनाओं में प्रयुक्त पोषण आहार के कट्टों की अवैध बिक्री अथवा उनका गलत उपयोग किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि हेतु राजस्व विभाग, नगर पालिका तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई की गई। बीनागंज के निचला बाजार स्थित भाग्य लक्ष्मी किराना स्टोर (संचालकः सुमित साहू)।

**पकड़ा गया सामानः** पोषण आहार के खाली कट्टों के भीतर भारी मात्रा में पेप्सी कैंडी भरी हुई पाई गई। रवि मालवीय एसडीएम चाचौड़ा ने बताया कि मौके से 4 खाली कट्टे जब्त कर लिए गए हैं तथा नियमानुसार पंचनामा तैयार किया गया।

**अगला कदमः** मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर विस्तृत रिपोर्ट भेजी गई है, ताकि दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा सके।पेप्सी से बच्चों के स्वास्थ्य को नुकसान होता हे इस ओर प्रशासन को ठोस कदम उठाना चाहिए।


### जेवी कपः सुपर-8 का महासंग्राम शुरू, एक लाख का प्रथम पुरस्कार और स्कूटी-टीवी जैसे आकर्षक इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

नगर में खेल उत्सव का माहौल उस समय और रोमांचक हो गया जब जेवी कप के सुपर-8 मुकाबले पर्ची के माध्यम से तय किए गए। यह वार्ड क्रिकेट टूर्नामेंट क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह के संरक्षण में युवा आदर्श एकता मंच, आरोन द्वारा स्वर्गीय रानी मां आशा सिंह जी की पुण्य स्मृति में आयोजित किया जा रहा है और अब निर्णायक चरण में पहुंच चुका है।आयोजन समिति के अध्यक्ष शिवा यादव ने बताया कि सुपर-8 में वार्ड 09 का मुकाबला वार्ड 14 से, वार्ड 08 का 11 से, वार्ड 01 का 02 से तथा वार्ड 15 का 16 से तय हुआ। पहले मुकाबले में वार्ड 14 ने वार्ड 09 को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरे मुकाबले में वार्ड 08 और 11 के जिसे 11 ने जीत लिया।आज के मुकाबलों में वार्ड 1 ओर वार्ड 16 ने जीत दर्ज की ।टूर्नामेंट के विजेता को एक लाख रुपये का प्रथम पुरस्कार क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह द्वारा प्रदान किया जाएगा। द्वितीय पुरस्कार 51 हजार रुपये जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामलाल यादव तथा तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपये पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल सोनी द्वारा दिए जाएंगे।क्षेत्रीय विधायक की विशेष पहलक्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह द्वारा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में यह आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। उनके संरक्षण में आयोजित यह टूर्नामेंट न केवल युवाओं को मंच प्रदान कर रहा है, बल्कि क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का कार्य भी कर रहा है। खेल और युवा शक्ति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को लेकर नगरवासियों में विशेष उत्साह और सराहना देखी जा रही है।व्यक्तिगत प्रदर्शन को भी विशेष सम्मान दिया जा रहा है। मैन ऑफ द सीरीज को चार्जिंग स्कूटी राहुल रघुवंशी (सराई) द्वारा प्रदान की जाएगी, जबकि प्रत्येक मैच के मैन ऑफ द मैच को 32 इंच एलईडी टीवी रामगिर सरपंच रंजीत यादव द्वारा भेंट की जाएगी।आयोजन समिति के सदस्य मुनेश यादव, शिवप्रताप तोमर, कमल ग्वाल, सचिन जैन, मोहर सिंह, जिगर अली, मनोज गोस्वामी, सोनू सिलावट सहित समस्त पदाधिकारियों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।



## रामधुन संकीर्तन के समापन पर विशाल भंडारा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

18वें पाटोत्सव के उपलक्ष्य में ग्रैंड मर्चेंट एसोसिएशन बीनागंज द्वारा कृषि उपज मंडी परिसर स्थित गणेश मंदिर में अखंड रामधुन संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। सोमवार को प्रारंभ हुआ यह 24 घंटे का संकीर्तन मंगलवार दोपहर हवन एवं शांति पाठ के साथ संपन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से ₹हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे,हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे₹का संकीर्तन कर भक्तिमय वातावरण निर्मित किया। संकीर्तन के समापन अवसर पर व्यापारी संघ बीनागंज द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया।आयोजन में क्षेत्र के व्यापारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुजन उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में भक्ति, श्रद्धा और सेवा भाव का सुंदर संगम देखने को मिला।

## नेशनल फाऊंडेशन फॉर इंडिया ने दिया शशि अहिरवार को सामाजिक कार्य करने पर सी सुब्रमण्यम अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना



चैंपियन ऑफ चेंज तिनका संस्था से जुड़ी महिलाओं ने श्रीमती शशि अहिरवार को नेशनल फाऊंडेशन फॉर इंडिया की तरफ सें उनको सामाजिक कार्य करने पर सी सुब्रमण्यम अवार्ड मिला उसके लिए हम सब महिलाएं का धन्यवाद करते हैं और हम सब बहनें शशि दीदी द्वारा चैंपियन आप चेंज से जुड़कर बहुत ही प्रभावित है ।

क्योंकि इस संस्था में महिलाओं को स्वयं के अधिकारों के बारे में महिलाएं कैसे सशक्त बने इस बारे में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमें हर बैठक में एक नया संदेश मिलता है जिससे हमें बहुत ही प्रेरणा मिलती है ।

हम समस्त बहाने इस संस्था से जुड़कर भविष्य में अच्छा कार्य करने की कोशिश करेंगे हमारे बच्चों को खेल से जोड़कर कराटे लाठी चलाना बुशू जैसे गेम्स से जोड़ेंगे हमें नई प्रेरणा नहीं ऊर्जा प्राप्त हुई । इसके लिए हम दीदी का आभार धन्यवाद करते हैं यह विचार सभी बहनों नें अलग अलग व्यक्त किया श्रीमती निशा इंदर भाई द्वारा शशि अहिरवार का तिलक कर स्वागत किया एवं डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और बुद्ध भगवान का चित्र भेंट किया । इस अवसर पर महिलाओं को बलूम गेम खेल द्वारा खिलाया गया जिसमें 2 मिनट का समय दिया सब महिलाओं ने अपने-अपने बलूम को फुलाया और उनसे कहा कि अपने बलूम की रक्षा करना है सभी नें एक दूसरे के बलूम फोड़े संगीता जी और रानी जानवी जी नें अपने बलूम बचाये उन्होंने कहा हमने इस गेम सें यह सीखा की चाहे हमला करने वाला कोई हो हम अपने स्वाभिमान आत्मरक्षा की हिफाजत कर सकते हैं ।

इस अवसर पर आराधना अहिरवार ममता अहिरवार साक्षी अहिरवार निशा इंदर भाई आदि महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा वहां दिखाई शशि अहिरवार को हर जगह से बधाई मिल रही है ग्वालियर से चैंपियन ऑफ चेंज के परियोजना अधिकारी श्याम राव यादव मार्शल आर्ट सुश्री अंजलिजी नें ग्वालियर सें गुना आकर श्रीमति शशि अहिरवार के निवास पर आ कर बधाई दी।

## पैदल प्लेटफार्म ब्रिज का बाइक चलाने के रूप में किया जा रहा है दुरुपयोग

**पिपरई।** पिपरई स्टेशन पर बनाए गए पैदल प्लेटफार्म ब्रिज का बाईक चलाने के रूप में दुरूपयोग किया जा रहा है। यह ब्रिज एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक पैदल जाने वाले रेल यात्रियों के लिए बनाया गया है लेकिन पिपरई स्टेशन पर मौजूदा रेल विभाग के अमले द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण बाईक सवार स्लेप बाले इस पुल पर बाईक चलाकर इस पार से उस पार जा रहे हैं। न कोई रोकने वाला है न कोई टोकने वाला है।



स्टेशन पर बने रेलवे ओवर ब्रिज पर पैदल चलकर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाते हैं व्यक्ति लेकिन कुछ लोग अपनी मस्ती मे मस्त हैं वह व्यक्ति न केवल रेलवे के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं और वह कानून से खिलवाड़ भी कर रहे हैं जिसका कि उन्हें कानून से कोई डर नहीं है। ऐसा ही एक मामला आज पिपरई रेलवे स्टेशन पर नजर आया जिसमें की एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति अपनी मोटर साइकिल से चालू कर वह एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए ओवरब्रिज से गुजर रहा था ऐसी लापरवाही देखने को पिपरई नगर के रेलवे स्टेशन पर मिली। पिपरई नगरवासियों ने रेलवे प्रशासन के उच्च अधिकारियों से यह मामले को संज्ञान में लाने की बात अखबार के माध्यम से कही की ऐसी लापरवाही भविष्य में न देखने को मिले की कोई व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल से एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर वह जाता दिख रहा है।

## बहू का आरोप उसे जिंदा जलाने का प्रयास किया गया

**अशोकनगर।** घरेलू झगड़े में गुड्डी बाई खोलते हुए गरम पानी से उस वक्त झुलस गई जब गुड्डी बाई को झगड़े में निशाना बनाते हुए उसकी सास तथा ननदो ने उसे जलाने के प्रयास में इरादतन गरम पानी डाल दिया। गुड्डी बाई कुछ समझ पाती उसे संभलने तक का मौका नहीं मिला और बहु गुड्डी बाई गंभीर रूप से झुलस गई जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। शहर के मंदसौर मिल क्षेत्र निवासी गुड्डी बाई ने बताया कि घर में झगड़ा हो रहा था बीच बचाव करने पहुंची बहु गुड्डी बाई को निशाने पर लेकर सास इमरती बाई सहित एक राय होकर मारने के इरादे से ननद जमना, लक्ष्मी और रानी वाई ने पीड़िता पर गरम पानी डाल दिया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। उक्त घटना को प्राथमिकता से लेकर थाना कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है तो वहीं दूसरी तरफ गुड्डी बाई झुलस कर अस्पताल स्थित बर्न वार्ड में भर्ती होकर उपचार करा रही हैं जिसके साथ उसका पति देख भाल करते मिला ।



## नए आयकर अधिनियम को लकर सेमिनार का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर





आयकर विभाग अशोकनगर द्वारा बुधवार को नए आयकर अधिनियम 2025 पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयकर अधिकारी बी. एल. मीना ने आयकर अधिनियम 2025 से संबंधित प्रावधानों एवं बदलावों पर विस्तार से जानकारी साझा की।

इस अवसर पर अशोकनगर के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं बार एसोसिएशन के सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। सेमिनार का संचालन आयकर निरीक्षक अंकुर चक्रवर्ती द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सी.ए. एसोसिएशन की ओर से सीए नारायण शिवहरे, सीए अमित रघुवंशी, सीए सौरभ जैन तथा सीए रोहित जैन आदि उपस्थित रहे। वहीं बार एसोसिएशन की ओर से एड. नरेश जैन, एड. राहुल जैन, एड. उत्कर्ष जैन, एड. नितिन जैन तथा एड. वैभव जैन सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए नए आयकर अधिनियम से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की और इसे करदाताओं के लिए उपयोगी बताया। अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## एमपी के राजघाट से यूपी में मुनि पुंगव सुधासागर महाराज ने किया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

**राज्य सरकार ने किया राजकीय अतिथि यूपी घोषित**

राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ ने अशोकनगर जिले के राजघाट से उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले में प्रवेश किया। जहां उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागर जी महाराज को राजकीय अतिथि घोषित किया गया। जहां प्रदेश भर के भक्तो ने बड़े उत्साह से परम पूज्य गुरुदेव की भव्य आगवानी की वहीं म.प्र सीमा ग्राम पहुंच कर भावभीनी विदाई देते हुए चरण वंदना की। मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि अशोकनगर पंच कल्याणक विश्व शांति महायज्ञ के वाद गोला कोट तीर्थ खनियांधाना बामौर सहित अन्य प्रमुख स्थानो पर श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा विश्व शांति महायज्ञ विमान महोत्सव के वाद वामौर से ललितपुर जिले के सैरोनजी तीर्थ क्षेत्र में परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ की भव्य आगवानी हुई वामौर विमान महोत्सव में हुआ विद्यालय पशु चिकित्सा का हुआ शिलान्यास यूपी प्रवेश के पहले सीमांत नगर वामौर में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज विद्यालय एवं सुधा सागर पशु चिकित्सा भवन का शिलान्यास मोदी परिवार वामौर अशोकनगर से अशोक कुमार, अमोल कुमार, विनोद कुमार, मोदी गारमेंट परिवार द्वारा भव्य शिलान्यास परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में वाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया, सुयश अशोकनगर के मंत्रोच्चार के बीच किया गया। इसके पहले जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई, जिसका सौभाग्य जैन समाज अशोकनगर के मंत्री विजय धुर्रा, राजकुमार जैन, भानु चैधरी, अमोल जैन वामोर सहित अन्य भक्तों को मिला।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मजदूर संघ के नेतृत्व में रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

बुधवार को भारतीय मजदूर संघ का देश व्यापी आंदोलन केन्द्र और प्रदेश आवाहन पर अशोकनगर मे धरना प्रदर्शन व रैली निकाल कर विरोध दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय मजदूर संघ के 29वे अधिवेशन 6,7,8 फरवरी 2026 मे तय हुआ था। भारतीय मजदूर संघ अशोकनगर द्वारा प्लेटफार्म नंबर 2 से सैकड़ो की संख्या मे रैली निकाली कर धारना प्रदर्शन कर नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम द्वारा कलेक्टर अशोकनगर को ज्ञापन सौंपा गया। जायज मांगों लेकर केंद्रीय ज्ञापन और प्रदेश स्तरीय ज्ञापन भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष हरि सिंह रघुवंशी (हैरी) की उपस्थिति में ज्ञापन का वाचन भारतीय मजदूर संघ जिलामंत्री शिशुपाल यादव द्वारा ज्ञापन का वचन करके ज्ञापन सोपा गया। इसी क्रम में जिला स्तर की समस्याओं को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका की मांगों का एक ज्ञापन आंगनबाड़ी महासघ जिला अध्यक्ष सुनीता विश्वकर्मा सचिव अल्का सक्सेना ने सौंपा है।

### मांगों के बिन्दु

- प्रत्येक आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा सुपरवाइजरों को प्रतिवर्ष 1000/- की वृद्धि की जायेगी।
- आशा कार्यकर्ताओं की सेवा में सेवानिवृत्ति की कोई आयु सीमा नहीं होगी क्योंकि कार्यकर्ता शासन की नियमित कर्मचारी नहीं अपितु दैनिक कार्य निष्पादन के पारिश्रमिक प्राप्त वाली श्रमिक है।
- आशा कार्यकर्ताओं को ई.पी.एफ.ओ. एवं ई.एस.आर.सी. के अंतर्गत लाया जाये।
- आशा कार्यकर्ताओं को सामाजिक सुरक्षा के तहत 18000/- प्रतिमाह न्यूनतम सुपरवाईवर को 30000/- तीस हजार वेतन प्रदान किया जाये एवं उन्हें कर्मचारी घोषित कर पेंशन बीमा का लाभ दिया जाये।
- कार्य के दौरान दुर्घटना एवं मृत्यु होने पर दस लाख रूपये मुआवजा दिया जाये।
- 29 जुलाई 2023 को शासन द्वारा आशा कार्यकर्ताओं को दिये गये 10 1000/- की वार्षिक वृद्धि को तुरंत लागू किया जाये 7. आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा सुपरवाइजरों को स्कूटी प्रदान की जाये।

### मुंगावली के बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया





**अशोकनगर।** जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया द्वारा जिले में संचालित हायर सेकेंडरी परीक्षा प्रश्न पत्र उच्च गणित का निरीक्षण विकासखंड मुंगावली के बोर्ड परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हारगढ़, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगावली, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगावली, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगावली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहादुरपुर, ज्योति ज्ञान मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल बहादुरपुर,पहुंचकर किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रो पर मूलभूत सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं सही पाई गई और परीक्षा विधिवत एवं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित पाई गई, किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई नकल प्रकरण नहीं पाया गया।

## केशोपुर में एनएसएस का 7 दिवसीय विशेष शिविर हुआ



**पिपरई।** शासकीय महाविद्यालय पिपरई के प्राचार्य ने बताया केशोपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर ग्रामीण विकास, स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों को समर्पित रहा। शिविर के दौरान एन एसएस प्रभारी सुनील शर्मा और एनएसएस स्वयंसेवकों ने गांव में पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरूकता, शिक्षा प्रसार और महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण समस्या से संबंधित जुड़े मुद्दों का संचालन किया। स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाई तथा ग्रामीणों को शिक्षा और सायबर सुरक्षा की जानकारी दी। महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत कार्यक्रम की महिला अध्यक्षा डॉ प्रियंका शर्मा, डॉ राधा पुरवार ने महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता से संबंधित विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण कर हरित संदेश दिया गया। यह विशेष शिविर एनएसएस के आदर्श वाक्य "स्वयं से पहले आप" की भावना को साकार करता नजर आया। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी, सेवा भाव और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूती मिली। ग्रामीणों ने भी एनएसएस स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए इसे गांव के विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत जेल के पीछे निवासी चन्द्रपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रिन्स यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ निवासी भारतेन्दु लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रवेन्द्र लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कालाबाग निवासी सुनील जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोहन सिंह और सरोजबाई ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रहटवास निवासी केदारसिंह राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अल्वेस चंदेल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम नंदनवाड़ा थाना खनियांधाना निवासी वंदना जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से दहेज की मांग को लेकर अनिल जाटव, सेवलाल, कलावति बाई जाटव ने उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ति किया। जिस पर से पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों पर मामला दर्ज किया है।

### ई-टोकन प्रणाली में एंडरॉइड मोबाइल से टोकन बुक करने की प्रक्रिया

**अशोकनगर।** पंजीकरण किसानों का अपना आधार नम्बर एग्री स्टेक पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा। फार्मर आई.डी. पर रकबा एवं फसल की जानकारी अपडेट होना आवश्यक है। मोबाईल पर ओ.टी.पी. के माध्यम पंजीयन की प्रक्रिया करनी होगी। टोकन जनरेशन - पोर्टल किसान की चयनित फसल और उपलब्ध रकबे के अनुसार आवश्यक उर्वरकों के प्रकार और वितरण केन्द्र के चयन के बाद स्वचालित रूप से ई-टोकन जारी करेगा। ई-टोकन जनरेट करने के लिए पोर्टल से ई-विकास प्रणाली के जरिये डेसबोर्ड खुलेगा जहां से ई-टोकन जनरेट करने के लिए आधार नम्बर डालना होगा किसान के आधार से लिंक मोबाईल नम्बर पर आई ओ.टी.पी. डालने पर किसान की भूमि और पट्टे की जानकारी आएगी, कृषक को भूमि के लिए रकबा और फसल तय करना होगा जिससे खाद की मात्रा वैज्ञानिक आधार पर स्वतः पोर्टल पर अपडेट होगी।

### विधिक जागरूकता शिविर में विधिक संबंधी जानकारियां दी गई

**अशोकनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में तथा सचिव मनीष अनुरागी एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाह की उपस्थिति में बुधवार को ए.डी.आर. सेंटर, अशोकनगर में पैरालीगल वालंटियर्स (रिवाइज्ड) योजना 2013 के अंतर्गत एक आवश्यक बैठक सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त बैठक का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर द्वारा जिला मुख्यालय अशोकनगर एवं तहसील विधिक सेवा समिति मुंगावली, चंदेरी एवं ईसागढ़ में लीगल एड क्लीनिक की स्थापना एवं संचालन संबंधी जारी आदेश के पालन में किया गया। बैठक के दौरान लीगल एड क्लीनिक के सुचारू संचालन, अभिलेख रजिस्टर संधारण, पक्षकारों के साथ व्यवहार, पैरालीगल वालंटियर्स के कर्तव्य एवं दायित्व तथा अन्य आवश्यक बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही उपस्थित पैरालीगल वालंटियर्स को उनके दायित्वों के प्रभावी निर्वहन हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पैरालीगल वालंटियर्स को पहचान-पत्र (आई.डी. कार्ड), लीगल एड क्लीनिक संबंधी बैनर एवं 'न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह' अंतर्गत किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में पैरालीगल वालंटियर्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा विधिक सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाने के संकल्प को दोहराया।

---

#### शुरूआती तौर पर ही दामों में तेजी का रूख

# मंडी में सरसों, मसूर और तिवड़ा की नई फसलों के आगमन का श्रीगणेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर







कृषि प्रधान अशोकनगर जिले में नई रबी की फसलों के आगमन की शुरूआत हो गई है। मण्डी में सरसों , मसूर और तिवड़ा की नई फसल के आगमन के साथ ही शुरूआती तौर पर ही मण्डी में माल के दामों में तेजी का रूख है। पहली बार ऐसा हो रहा है जब नई फसलें आते ही दाम भी किसानों को अच्छे मिल रहे हैं, हालांकि मंडी में आने वाले नए माल में नमी देखने को मिल रही है।

अशोकनगर जिले में यहां की सबसे बड़ी गल्ला मंडी है, भले ही जिले में पिपरई,मुंगावली, चंदेरी बहादुरपुर, शाढ़ौरा, ईसागढ में कृषि उपज मंडी हों लेकिन इन मंडी क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले किसान यहां की मंडी में माल बेचने आते हैं इसके पीछे किसानो के तर्क हैं कि उन्हें माल के सही दाम मिलते हैं और दूसरा किसान के द्वारा विक्रय किए जाने माल का नगद भुगतान किया जाता है। जिसके कारण किसान अशोकनगर मंडी में माल लेकर पहुंचते हैं, जिले के तो किसान आते ही आते हैं जिले के पड़ौसी जिले, शिवपुरी, और विदिशा जिले के किसान भी यहां की मंडी में माल बेचने आते हैं, जिनमें विदिशा जिले की कुरवाई तहसील और शिवपुरी जिले की खनियांधाना तहसील के किसान शामिल हैं। सीजन के दिनों में अशोकनगर पहुंचने वाले सारे मार्गों पर आने और जाने वाले ट्रेक्टरों की कतारें लगी रहती हैं।

### 2500 बोरी सरसों की आवक, दामों में तेजी,

होली से पहले नई फसलों के आगमन ने इस बात का संकेत दे दिया है कि होली के त्यौहार के बाद मंडी में माल की आवक अधिक रहने के आसार हैं, वर्तमान में अशोकनगर गल्ला मंडी में सरसों बड़े पैमाने पर आ रही है। वुधवार को अशोकनगर गल्ला मंडी में 2500 बोरी सरसों की आवक हुई, हालांकि जितना भी माल आ रहा है उसमें एक या दो ट्राली को छोड़ दे तो अधिकांश माल में नमी है। ग्रेन मर्चेन्ट एशोसियसन के सचिव राजेश पॉलीवाल ने बताया कि पिछली बार जब नई फसल के रूप में सरसों का आगमन हुआ था उस समय शुरूआत तौर पर दाम 5600 से 5800 रूपए के बीच थे लेकिन इस बार शुरूआत 6200 रूपए प्रति क्विंटल के दामों से हो रही है। हमेशा से ऐसा होता आया है कि जब भी नई फसल आती है तब आने वाली फसल के दाम कम होते हैं जैसे जैसे मंडी में आवक बढ़ती है वैसे वैसे दामों में कमी आ जाती है। लेकिन शुरूआती तौर पर सरसों के दाम यह बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में अच्छी तेजी के आसार हैं। कंइं प्लांटों के द्वारा मार्च तक 7100 रूपए प्रति क्विंटल सरसों के दाम होने की संभावना है। हालांकि सरसों के दाम शासन ने 6200 प्रति रूपए क्विंटल तय किए हैं जिससे सरकारी दरों पर खरीद के साथ मंडी में बिकने वाले दाम एक जैसे हैं। जिसके कारण किसानों का रूख मंडी की ओर अधिक है। वर्तमान में जो सरसों की आवक हो रही है वह सीधे प्लांटों जा रही है, मुरैना और आगरा के बाद समसाबाद से ज्यादा सरसों की मांग आ रही है।

### इनका कहना है



अशोकनगर मंडी जिले के साथ प्रदेश की प्रमुख गल्ला मंडी है इसे सुपर ए मंडीयो में गिना जाता है। यहां आने वाले किसानों को पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, नगद भुगतान होता है, मंडी में किसान और व्यापारियों के बीच कभी कोई ऐसे विवाद सामने नहीं आते यही कारण है कि किसानों की पहली पंसद अशोकनगर मंडी है।

**भागीरथ अहिरवार** सचिव कृषि उपज मण्डी समिति अशोकनगर



अशोकनगर मंडी में नई फसलों के रूप में सरसों, मसूर और तिवड़ा की शुरूआत हुई है। मंडी में इस बार अच्छा व्यापार होने की संभावना है इस कारण व्यापारी नई आने वाली फसलों के भविष्य में दाम अच्छे मिलने की संभावना जता रहे हैं।

**राजेश पॉलीवाल** सचिव ग्रेन मर्चेन्ट एशोसियसन।

### मसूर के दाम मंडी में कम, सरकारी खरीद के दाम 1000 रूपए अधिक

अगर नई फसलों के रूप में मसूर की बात करें तो इस बार जिले में मसूर की फसल भी अच्छी है लेकिन आवक वुधवार को 600 बोरी रही। सरसों की तुलना में मसूर में अधिक नमी है, दाम भी 6050 प्रति क्विंटल के चल रहे हैं। अशोकनगर के व्यापारी प्रारंभ से ही मसूर का स्टॉक करने में लगे हैं, मसूर के दामों में भले ही आगे तेजी का रूख हो या न हो लेकिन सरकार ने मसूर की खरीदी के लिए दाम 7000 रूपए प्रति क्विंटल तय किए हैं। मंडी में बिकने वाले माल और सरकारी खरीद को लेकर लगभग 1000 रूपए प्रति क्विंटल का अंतर है, जब भी सरकारी स्तर पर मसूर की खरीदी होगी, पंजीयन कराने वाले किसान मंडी की जगह खरीदी केन्द्रों पर माल लेकर पहुंचेगें क्योकि उन्हें 1000 रूपए क्विंटल के दाम अधिक मिलना है, लेकिन यहां सरकारी खरीद और मंडी के दामों में एक हजार रूपए क्विंटल का अंतर होने के कारण अनेक लोग अभी से ही अपनी मसूर चाहे वह मंडी में खरीद हो रही हो चाहे वह किसान से सांठ गांठ कर खरीदी केन्द्रों पर माल बेचने की तैयारी में लग गए हैं, इस तरह की चर्चाएं चल रही हैं। हर बार कहीं न कहीं इसी तरह के दामों में अंतर का लाभ बिचैलिया उठाने में सफल हो जाते हैं।

### मंडी में काली और पीली दो तरह की बटरी का आगमन

मंडी में आने वाली तीसरी नई बटरी की है हालांकि बटरी की पैदाबार यहां अन्य फसलों की तुलना में कम होती है लेकिन कई किसान बटरी को प्राथमिकता से पैदा करते हैं। वुधवार को अशोकनगर मंडी में 1000 बोरी बटरी की आवक हुई, यहां बटरी दो प्रकार की आती है एक काली और दूसरी पीली। काली बटरी के दाम कर रहते हैं और पीली के अधिक रहते हैं, मंडी में काली बटरी के दाम 3600 से 3700 रूपए प्रति क्विंटल रहे जबकि पीली बटरी के दाम 4400 से 4500 रूपए प्रति क्विंटल के रहे। यह बटरी का उपयोग दाल के रूप में होता है और जिसकी मांग कटनी तरफ से अधिक आ रही है जितनी भी बटरी की खरीदी हो रही है वह पूरी बटरी कटनी की ओर जा रही है। अभी मंडी में नए चने की शुरूआत भी हो गई है लेकिन न के बराबर चना आ रहा है, अगर सबकुछ अच्छा रहा तो मंडी में इस बार अच्छी फसल आने की संभावना है।

---

# मंदिर से चांदी का मुकुट व कुंडल चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एसडीओपी चन्देरी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ईसागढ उनि. मीना रघुवंशी द्वारा चोरी के मामले में एक चोर को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया चांदी का मुकुट व चांदी के कुंडल बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 13 फरवरी को थाना ईसागढ अंतर्गत फरियादी अमर सिंह बंजारा पुत्र श्रीराम वंजारा उम्र 73 साल निवासी कोठारखेडी थाना ईसागढ जिला अशोकनगर द्वारा किसी अज्ञात चोर द्वारा हनुमान जी मंदिर के मैन गेट व अंदर वाले गेट का ताला ग्रांइडर मशीन से तोडकर श्री हनुमान मंदिर का चाँदी का मुकुट एंव चाँदी के कुंडल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट लेख कराई थी। फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर अपराध क्रमांक 69/2026, धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये तकनीकी साक्ष्यों एवं सशक्त मुखविर तंत्र की सहायता से आरोपी अरविन्द्र पुत्र मोहन सिंह बंजारा उम्र 19 साल निवासी कोठारखेडी थाना ईसागढ को विधिवत गिरफ्तार किया गया, आरोपी के कब्जे से चोरी गया, चाँदी का मुकुट एवं चाँदी के कुंडल वजनी करीबन 650 ग्राम कीमती 1,50,000 रुपये जप्त किए गए, आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलटी 16 घायल, 3 की हालत गंभीर





**अशोकनगर।** चंदेरी ईसागढ सड़क मार्ग पर मजदूरों को भरकर फसल काटने के लिए ले जाते समय ट्रेक्टर ट्राली संतुलन बिगड़ने से पलट गई, इस घटना में 16 मजदूर घायल हो गए, जिनमें 3 मजदूरों की हालत गंभीर बनी हई है। इस घटना के बाद घायलों को चंदेरी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनका उपचार चल रहा है जिन तीन लोगों की हालत गंभीर है उन्हे जिला अस्पताल में रैफर किया गया है। जहां पर उनका उपचार जारी है। घायलों के हाथ पैरों में चोटे आई हैं। बताया गया है कि उक्त ट्रेक्टर ट्राली में 30 मजदूर सवार थे और निदानपुर गांव से ईसागढ मजदूरी के लिए जा रहे थे, जिनमें गृहस्थी का सामान भी शामिल था। निदानपुर गांव से 50 मजदूर दो ट्रेक्टर ट्रालीयों में जा रहे थे जिसमें एक ट्राली नसीहर घाटी के पास पलट गई। घायलों को एम्बुलैंस की मदद से अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

---


परीक्षार्थियों ने कहा जिससे वह सवाल नहीं कर पा रहे हैं हल

# छात्रों का ओरोप-बोर्ड परीक्षा में समय से पहले कापियां कराई जा रही हैं जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं बोर्ड परीक्षा के दौरान इस तरह की कई शिकायतें परीक्षार्थीयों ने बताई कि समय से पहले उनकी कॉपियां ले ली जाती है जिसके कारण वह पूर प्रश्न हल नहीं कर पाते हैं। पिपरई परीक्षा केंद्र पर छात्र-छात्राओं से निर्धारित तीन घंटे की अवधि पूरी होने से पहले ही उत्तर पुस्तिकाएं जमा करालीं जाती हैं, परीक्षा शुरू होने के एक से डेढ़ घंटे के भीतर ही बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों से समय से पहले कापियां जमा करा रहे हैं।

विद्यार्थियों में अपेक्षा धाकड,.सोनम रजक ने बताया कि समय से पहले हमारी कापी जमा करा लेते हैं वही श्रद्धा उपाध्याय ने बताया कि कॉपी 11:30 बजे ले ली जाती है, गणित के पेपर में मुझे और भी सवाल करना थी लेकिन मेरी कॉपी पहले ही ले ली जिससे मैं और सवाल हल नहीं कर पाई।




हालांकि शिक्षकों का मत है कि जल्दबाजी में कापी जमा करना विद्यार्थियों के भविष्य के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।

शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि बोर्ड परीक्षा में अंतिम 15-20 मिनट उत्तरों की पुनः जांच के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इसी दौरान विद्यार्थी छोटी-छोटी त्रुटियों को सुधार सकते हैं, जिससे अंक बढ़ने की संभावना रहती है। जल्दबाजी में कापी सौंप देने से कई बार सही उत्तर भी अधूरे रह जाते हैं। परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं सामान्य रहीं और शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संपन्न हुई। प्रशासन ने भी सभी केंद्रों पर निगरानी के पर्याप्त इंतजाम किए हैं। अभिभावकों ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे घबराहट या आत्मविश्वास के अतिरेक में समय से पहले कापी जमा न करें, बल्कि पूरा समय लेकर उत्तरों की सावधानीपूर्वक समीक्षा करें।

### कार्रवाई करूंगा

इस विषय में जब जिला अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया से बात की तो उन्होंने बताया मुझे इसकी शिकायत मिली थी ओर इसकी जानकारी लगी है मैं शीघ्र इस विषय पर कार्रवाई करूंगा। अगर ऐसा हे तो में खुद जांच करूंगा ओर कार्रवाई की जाएगी।

**चंद्रशेखर सिसोदिया,** जिला शिक्षा अधिकारी

---

# सब रेंज कैंपस ईसागढ़ में वन मंडल स्तरीय शाख कर्तन कार्यशाला






हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

सबरेंज केंपस में वन मंडल स्तरीय शाख कर्तन कार्यशाला 2026 का आयोजन किया गया। वनमंडल अधिकारी प्रतिभा अहिरवार के निर्देशन में उक्त कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में वन परिक्षेत्र अधिकारी अशोकनगर आकाश साहू एवं रितिका यादव वन परिक्षेत्र अधिकारी चंदेरी, पोषक अधिकारी, समिति प्रबंधक, फड़ अभिरक्षक, क्रेता एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिसमें संग्रहण वर्ष 2026 में उच्च गुणवत्ता के तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए कार्यशाला में विस्तृत रूप से बताया गया कि जितना बेहतर शाखकर्तन होगा उतने ही उच्च क्वालिटी का तेंदूपत्ता संग्रहित हो सकेगा। उच्च क्वालिटी का तेंदूपत्ता प्राप्त करने के लिए शाखकर्तन कार्य करने का महत्व समझाया एवं अधिकारियों,कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र में जाकर शाख कर्तन का फील्ड प्रशिक्षण भी दिया गया।

---

#### मिलजुल कर पर्व मनाने का दिया संदेश

# कोतवाली परिसर में आने वाले त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



आगामी दिनों में हिंदू मुस्लिम वर्ग के संयुक्त तैयार त्यौहार प्रतिवर्ष अनुसार परंपरागत स्वरूप में आयोजित होगें होली उत्सव के दौरान ही मुस्लिम पक्ष से पवित्र रमजान माह चल रहा है शहर में शांति और सद्भाव की मिसाल कायम रखते हुए सभी तीज त्योहार मनाए जायेगे ।

टी आई सिटी कोतवाली रवि प्रताप सिंह चैहान के आह्वान पर ट्रैफिक प्रभारी , नपा इंजीनियर भानु प्रताप सिंह कुशवाह तथा विद्युत वितरण विभाग के शहर उप यंत्री उज्जवल सर के साथ गणमान्य नागरिकों तथा सामाजिक व धार्मिक संगठन सदस्यों के साथ शांति व्यवस्था के साथ पर्व और होने वाले आयोजनों पर चर्चा के साथ सुझाव लिए होली त्योहार के सभी आयोजनों में होलिका दहन , धुरंडी , दोज तथा रंगपंचमी उत्सव पर नगर पालिका सहित विद्युत विभाग तथा शहरी ट्रैफिक को व्यवस्थित बनाए रखने की बात पूर्व अनुभवों के आधार पर सुनिश्चित की है, बैठक में अधिकांश लोगों ने होली दहन , रंग पंचमी के आयोजनों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ प्वाइंट क्लियर किए हैं, टी आई ने पर्याप्त पुलिस व्यवस्था शहर के अलग अलग जॉन में लगा कर व्यवस्थाएं सामाजिक मान से अनुकूल बनाए रखने की व्यवस्था से सदस्यों को अवगत कराया। उक्त बैठक में हिंदू संगठनों से विकास जैन, राम कुमार चैधरी, हिंदू उत्सव समिति से अजय शर्मा तथा वरिष्ठ पार्षद महेंद्र भारद्वाज, सतीश पाराशर एवं अंजुमन इस्लाम कमेटी से सदर राशिद पटेल, इस्माइल खान कुरैशी आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

**जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 27 फरवरी को होगी।**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट साकेत मालवीय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 27 फरवरी 2026 को सायं 04 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

---

#### नवीन सदस्यों को किया गया सम्मानित

# सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ की बैठक में वार्षिक महोत्सव के आयोजन की रूप रेखा की गई तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ जिला शाखा अशोकनगर द्वारा वेदान्त भवन अशोकनगर में महासंघ की बैठक का आयोजन रखा गया। जिसमें वार्षिक महोत्सव के साथ ही विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा सहभागिता की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिनेश बिरथरे द्वारा की गई। मुख्य अतिथि अशोक शर्मा रहे। ओम के उच्चारण के साथ बैठक का प्रारंभ करते हुए सेवा निवृत अधिकारी,कर्मचारी पेंशनर महासंघ के जिलाध्यक्ष दिनेश बिरथरे द्वारा सभी पदाधिकारी व सदस्यों का परिचय दिया गया। तत्पश्चात संघ के सदस्य रघुवीर पाराशर के पुत्र ऋषभ पाराशर का भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित होने के उपलक्ष में सभी सदस्यों द्वारा रघुवीर पाराशर को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई व करतल ध्वनि से हर्ष व्यक्त किया गया। तत्पश्चात नवीन सदस्यों को पहचान पत्र वितरित किए गए तथा नवीन सदस्यों को सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान नवीन सदस्य डॉ बी.एस जम्होरिया, लालाराम अहिरवार, बद्री प्रसाद श्रीवास्तव, बी.एस सुमन,प्रताप सिंह रघुवंशी को सदस्यता ग्रहण करवा कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सर्वसम्मति से वार्षिक उत्सव की तिथि



16 मार्च 2026 निर्धारित की गई व इसी दिन प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक के अशोकनगर में आयोजन पर भी सभी सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

### वार्षिक उत्सव के आयोजन को लेकर समिति गठित की गई

वार्षिक उत्सव की सुचारू रूप से व्यवस्था के लिए पांच सदस्यों की समिति गठित की गई जिसमें प्रांतीय कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा जिला अध्यक्ष दिनेश बिरथरे, प्रांतीय सह कोषाध्यक्ष महेश शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष हरबंस लाल जुनेजा व वरिष्ठ सदस्य बालचंद नरवरिया को चयनित किया गया। जो कार्यक्रम की व्यवस्था हेतु संघ के सदस्यों को दायित्व सौंपेंगे। बैठक में संघ के सदस्यों की संख्या में वृद्धि करने व आर्थिक व्यवस्था सुद्रण करने के संबंध में भी चर्चा हुई। बैठक को जिला अध्यक्ष दिनेश बिरथरे एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा द्वारा संबोधित किया गया व सदस्यों की आशंकाओं का समाधान किया गया। अंत में संघ के मध्य क्षेत्र सह बैद्धिक प्रमुख समाजसेवी हितानंद शर्मा की माताजी जनक दुलारी शर्मा के निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ईश्वर से जीवात्मा को अपने चरणों में स्थान देने व परिजनों को इस गहन दुख को सहन करने की क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना की गई। अंत में सभी सदस्यों का आभार वरिष्ठ सदस्य श्री महेश कुमार शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा, जिला अध्यक्ष दिनेश बिरथरे, प्रांतीय सहकोषाध्यक्ष महेश शर्मा सचिव महाराज सिंह रघुवंशी, जिला कोषाध्यक्ष संजय चैधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरि ओम शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष हरबंस लाल जुनेजा,बरिष्ठ सदस्य अमर सिंह रघुवंशी, रघुवीर पाराशर, संतोष तिवारी, बालचन्द नरवरिया प्रियकांत माथुर, सीताराम यादव, रमेश पाराशर, रवींद्र भारद्वाज, प्रकाशचन्द जैन आदि रहे मौजूद।

### नियमितीकरण, वेतनवृद्धि, सेवानिवृत्ति उपरान्त मासिक पेंशन सहित रखी अन्य मांगें

## आंगनबाड़ियों के अमले ने मंदिर में बैठक उपरान्त शासन से रखी मांगें

**शासन से लंबे समय से गुहार लगाती आ रही हैं ये महिला कर्मचारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

जिले की 2456 आंगनबाड़ियों में पदस्थ कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं अपना मानदेय बढ़ाने, नियमित करने सहित अन्य मांगों को लेकर लंबे समय से शासन, प्रशासन से गुहार लगाती आ रही हैं। शासन द्वारा पूर्व में दिए गए आश्वासनों के बाद भी जब मांगों का कोई हल नहीं निकला तो जिले की समस्त आंगनबाड़ियों में कार्यरत अमला बुधवार को एक बार पुनः मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपने पहुंचा। ज्ञापन के पूर्व सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं कलेक्टोरेट स्थित मंदिर परिसर में एकत्रित हुई जहां सबसे पहले भगवान को नमन करते हुए बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन पदाधिकारियों ने अपने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की।

संघटन जिलाध्यक्ष सूर्यकिरण शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि महंगाई के इस दौर में भी सभी साथी महिला कर्मचारी अल्प मानदेय में कार्य कर रहे हैं जबकि शासन द्वारा उन पर बाकि सारे नियम नियमित कर्मचारिओं की भांति लागू किए जा रहे हैं। सुविधा के नाम पर उन्हें स्कीम वर्कर कहा जाता है लेकिन शासन, प्रशासन की बहुत सी योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है। न बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं मिल पा रही है न ही परिवार में आर्थिक रूप से वह ज्यादा योगदान दे पा रही हैं। बैठक उपरान्त सभी ने कलेक्टोट परिसर पहुंचकर अपनी मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा।




### सभी शासकीय सुविधाओं का लाभ देने की मांग

मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए उक्त ज्ञापन में मांग रखी गई कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के लिए एक नीति बनाकर नियमित करते हुए सभी शासकीय सुविधाओं का लाभ दिया जाए। आंगनबाड़ी से पर्यवेक्षक के पद पर बगैर परीक्षा के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को योग्यता और अनुभव के आधार पर पदोन्नत किया जाए। इसके साथ ही शासन उन्हें किसी भी अन्य कार्य में संलग्न न करें।

#### हर मांग निश्चित तारीख पर मानदेय की मांग

ज्ञापन में प्रमुखता से मांग रखी गई कि सभी आंगनबाड़ी वर्करों का मासिक मानदेय उन्हें प्रत्येक माह की 5 तारीख तक कर दिया जाए। इसके साथ ही किसी भी विभाग मै नियुक्ति निकलने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को अनुभव के अंक समेत आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदाय की जाए।

#### सेवानिवृत्ति उपरान्त मिले पेंशन

संघटन पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग यह भी है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को उनकी सेवानिवृत्ति उपरान्त कम से कम 5 हजार रुपये मासिक पेंशन दी जाए। इसके साथ ही सेवाकाल में मृत्यु होने पर परिवार को सांत्वना राशि के रूप में कम से कम 2 लाख रुपये दिए जाएं।

### बस मालिकों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## ... तो सड़कों पर बसें नहीं उतारेंगे जिले के सभी बस आनर्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्टेट केरिज बसों के संचालन के संबंध में शासन द्वारा लाई जा रही नई परिवहन नीति को दमनकारी करार देते हुए जिले के समस्त बस मालिकों ने शासन, प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है। बुधवार दोपहर सभी बस टैवल्स संचालक कलेक्टोरेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम इस संबंध में अपनी मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा।

मध्यप्रदेश बस आनर्स एसोसिएशन के बैनर तले सौंपे गए इस ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि शासन ने 24 दिसंबर 2025 एवं 29 जनवरी 2026 को राजपत्र में संशोधन का जो प्रारूप प्रकाशित किया है, उसे समाप्त किया जाए। वर्तमान में जिस व्यवस्था के साथ जिले सहित पूरे सूबे में यात्री बसों का संचालन चल रहा है, उस व्यवस्था में अगर बदलाव किया गया तो सभी बस मालिक हड़ताल पर चले जाएंगे।

#### छोटे बस मालिकों की टूट जाएगी कमर

एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि नई नीति के तहत प्रावधान है कि वर्तमान में संचालित सभी यात्री बसों के परमिट निरस्त कर दिए जाएंगे। इसके उपरान्त बड़ी कंपनियों को प्रदेश में बस सेवा संचालन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। शासन के इस निर्णय से छोटे बस संचालकों की कमर टूटनी तय है। ज्ञापन के अवसर पर संघटन पदाधिकारी कैलाश पुरोहित, राजेश भार्गव, दिनेश शर्मा, विशाल द्विवेदी, अर्पित शुक्ला, निखिल गुप्ता, महेश अग्रवाल, प्रियांशु शुक्ला, राहुल जायसवाल, इजमाम खान, शाहिद खान, विनोद बैरागी, सचिन पांडेय, लोकेंद्र सिंह परमार सहित अन्य बस ऑपरेटर्स उपस्थित थे।

### नगर में ताश खेल रहे 12 जुआरी धराए, 25 हजार जब्त

**राजगढ़।** कोतवाली टीआई मंजू मखेनिया को मुखबिरों से मिली सूचना के बाद किला क्षेत्र में छुपते-छुपाते जुआ खेल रहे 12 लोगों को पकड़ा है। अभियुक्तों के पास से 25 हजार की राशि बरामद करते हुए उन पर एफआईआर दर्ज की गई है। जिन व्यक्तियों को ताश खेलते पकड़ा गया है उनमें दरियाव सिंह तंवर निवासी झंझाडपुर, शकील खान पुरोहित मोहल्ला राजगढ़, अभयसिंह तंवर निवासी फूटातालाब, अमरलाल तंवर झंझाड़पुर, पर्वत सिंह सौंधिया निवासी लालपुरिया, पप्पू तंवर निवासी कंवरपुरा, दरियाव निवासी नलखेड़ा, धीरप वाल्मिकी राजगढ़, फुजेल खान पुरा राजगढ़, जुबेर खान पीटी कंपनी राजगढ़, फरीदुद्दीन भंडारा गली राजगढ़, विशाल निवासी खुजनेर रोड राजगढ़ शामिल हैं। इस जुए का संचालन कर रहे राहुल चौहान, राजगढ़ पर भी पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## जाटव को अजा मोर्चा के प्रदेश सह प्रभारी बनाए जाने पर किया स्वागत



**ब्यावरा।** भाजपा अनुसूचित मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश कार्य समिति में प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार की टीम में गोपाल जाटव को प्रदेश के सह प्रशिक्षण प्रभारी नियुक्त किए जाने से जाटव समाज में खुशी की लहर है। इस नियुक्ति पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव के नेतृत्व में लोकप्रिय नेता गोपाल जाटव का सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वहीं अजा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भी अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जाटव का साफा बंधाकर अजा मोर्चा अध्यक्ष गगन चौहान और मंडल उपाध्यक्ष सोनू जाटव द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, महामंत्री दीपक सामरे, मंडल उपाध्यक्ष नवल कुशवाह, बनवारी कुशवाह, पुलकित साहू, गिरराज लववंशी सोनू सोनी, ऐलकर आदि मौजूद रहे।

## कृषि मेले के दौरान कर्मचारी को आया हार्टअटैक, मौत

**राजगढ़।** किसानों के हित और शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में कृषि विभाग सहित जिला




प्रशासन द्वारा मोहनपुरा बांध क्षेत्र में आयोजित तीन दिवसीय कृषि मेले के दौरान अनहोनी हो गई। मेले के समापन दिवस पर बुधवार दोपहर कृषि विभाग राजगढ़ में कार्यरत कर्मचारी रामप्रसाद भील उम्र 55 को हार्टअटैक आ गया। भील को अचानक आए हृदयाघात के उपरान्त मौके पर उपस्थित कुछ लोगों ने उन्हें सीपीआर भी दिया। इसके बाद उन्हें अधिकारियों के वाहनों से तुरन्त जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**ग्राम पंचायत खजूरिया के सचिव निलंबित व रोजगार सहायक का हुआ अटैचमेंट**

## मस्टर जारी नहीं करने एवं लापरवाही पर हुआ निलंबन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जनपद पंचायत ब्यावरा में आयोजित जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान पाया कि हटेसिंह शिवहरे सचिव ग्राम पंचायत खजूरिया जनपद पंचायत ब्यावरा बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के बैठक में अनुपस्थित रहे तथा इनके द्वारा ग्राम पंचायत खजूरिया में एक बगिया मों के नाम अंतर्गत स्वीकृत 4 कार्यों के विरूद्ध मात्र राशि 36 हजार के बिल जनपद पंचायत में जमा कराये गये तथा मजदूरी के मस्टर जारी कराने में कोई रूचि नहीं ली गई। हटेसिंह शिवहरे सचिव ग्राम पंचायत खजूरिया जनपद पंचायत ब्यावरा को 18 फरवरी तत्काल


कार्यालय जिला पंचायत–राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
क्र./ 1177 /पंचा.प्रको./स्था./26 राजगढ़, दिनांक 18/02/2026
–:आदेश:–
दिनांक 18.02.2026 को जनपद पंचायत ब्यावरा में आयोजित जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान पाया गया, कि श्री हटेसिंह शिवहरे सचिव ग्राम पंचायत खजूरिया जनपद पंचायत ब्यावरा बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के बैठक में अनुपस्थित रहे तथा इनके द्वारा ग्राम पंचायत खजूरिया में एक बगिया माँ के नाम अंतर्गत स्वीकृत 04 कार्यों के विरूद्ध मात्र राशि रू. 36000/– के बिल जनपद पंचायत में जमा कराये गये तथा मजदूरी के मस्टर जारी कराने में कोई रूचि नहीं ली गई।
श्री हटेसिंह शिवहरे सचिव ग्राम पंचायत खजूरिया जनपद पंचायत ब्यावरा को उक्त कृत्य के लिये मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 एवं मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (ग्राम पंचायत सचिव भर्ती और सेवा की शर्तें) नियम 2011 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।
निलंबन काल में श्री हटेसिंह शिवहरे निलंबित सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत ब्यावरा रहेगा तथा इनको नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।
यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत–राजगढ़ (म.प्र.)
पृ.क्र./ 1178 /पंचा.प्रको./स्था./26 राजगढ़, दिनांक 18/02/2026
प्रतिलिपि:–
1 आयुक्त भोपाल संभाग भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2 संचालक सह–आयुक्त पंचायत राज संचालनालय म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3 कलेक्टर जिला राजगढ़ की ओर सूचनार्थ।
4 अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ब्यावरा की ओर सूचनार्थ।
5 मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ब्यावरा की ओर भेजकर 07 दिवस में अनिवार्यतः निलंबित सचिव श्री हटेसिंह शिवहरे के विरूद्ध आरोप–पत्रादि तैयार कर उपलब्ध कराने हेतु।
6 खण्ड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत ब्यावरा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7 सरपंच ग्राम पंचायत रूपपुरा जनपद पंचायत ब्यावरा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8 संबंधित श्री हटेसिंह शिवहरे निलंबित सचिव ग्राम पंचायत खजूरिया जनपद पंचायत ब्यावरा की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन काल में हटेसिंह शिवहरे निलंबित सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत ब्यावरा रहेगा तथा इनको नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। वहीं कि सुरेश दांगी ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत खजूरिया को भी ग्राम पंचायत खजूरिया में एक बगिया मों के नाम अंतर्गत स्वीकृत 04 कार्यों के विरूद्ध मात्र राशि रू. 36 हजार के बिल जनपद पंचायत में जमा कराये गये तथा मजदूरी के मस्टर जारी नहीं किये जाने संबंधी कृत्य करते हुए, अपने पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही का दोषी माना है। सुरेश दांगी ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत खजूरिया जनपद पंचायत ब्यावरा को उक्त कृत्य के लिये आगामी आदेश तक जनपद पंचायत ब्यावरा में मनरेगा योजनांतर्गत कार्य करने हेतु संबद्ध किए जाने का आदेश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जारी किया है।

## सचिव के स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

कृषि उपज मंडी समिति ब्यावरा जिला राजगढ़ से अशोक कुमार ठाकुर मंडी सचिव का स्थानांतरण कृषि उपज मंडी समिति सिराली जिला हरदा में हो जाने के कारण उनका विदाई समारोह मंडी के सभा कक्ष में दोपहर को रखा गया। जिसमें नवनियुक्त मंडी सचिव भगवान सिंह सोलंकी लेखपाल गोपाल सिंह सिकरवार राजेश सक्सेना, प्रियांशु जाटव बद्रीलाल भिलाला हरिप्रसाद सेन आकाश भिलाला रोहित विश्वकर्मा सीताराम वर्मा श्याम सुंदर जितेंद्र सिंह सिकरवार महेश यादव मोहनलाल नगर कन्हैया लाल यादव राहुल सोंधिया नितिन शर्मा देवीसिंह केसरिया भगवानसिंह चंद्रवंशी गोकुल दास शर्मा मनोहर गिरी सुनील शर्मा एवं समस्त मंडी कर्मचारी गण उपस्थित रहे एवं ठाकुर को शुभकामनाएं दीं।

## मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर व्याख्यान का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के संबंध में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर आत्महत्या रोकथाम पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य डॉक्टर ममता खोइया ने कहा की विद्यार्थियों को नकारात्मक विचार से दूर रहना चाहिए। इसके लिए बात करके समस्या का हल निकालने की कोशिश करना चाहिए ना की आत्महत्या जैसे गलत काम की और अग्रसर होना चाहिए।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ अर्चना वर्मा ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में हमें मानसिक रूप से सुदृढ़ होने की आवश्यकता है।इसके लिए योग, प्राणायाम, आध्यात्म के माध्यम से हम सकारात्मक विचारों को जीवन में ला सकते हैं। सह कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर भाविक वोरा ने कहा की हर एक व्यक्ति को अपने शौक या हॉबीज को बनाए रखना चाहिए जो हमें नकारात्मक विचारों से दूर रखती हैं।इस अवसर पर डॉ विमल लोदवाल ने कहा कि हमें मोबाइल के बजाय किसी न किसी खेल से जुड़ना चाहिए। खेल हमें नकारात्मकता से बचते हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर प्रीतम गुणावा, डॉ अरुणा सोलंकी, डॉ फारूक पठान श्रीमती सोनम करोडिया एवं डॉ सुरेंद्र यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किया। मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए फरवरी माह में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थीयों के लिए माइंडफूलनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ अरुणा सोलंकी ने माइंडफूलनेस के तरीके से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

## माता शबरी की जयंती धूमधाम से मनाई

**ब्यावरा।** आदिवासी भील समाज ने मां शबरी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई। इस समारोह में नगर व आसपास के गावों के सैकड़ों समाज बंधु महिलाओं व नौजवान युवकों ने भाग लिया। इस मौके पर समाजजनों ने माता शबरी की झांकी की



भव्य शोभा यात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में बालिकाएं सिर पर कलश लिए चल रही थी। ढोल-ताशों, ध्वजों और जय माँ शबरी के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। आदिवासी लोक नृत्य दल द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं पारंपरिक ढोल और मांदल की थाप पर प्रस्तुत नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया और आदिवासी संस्कृति की समृद्ध विरासत को जीवंत कर दिया लोकनृत्य के समाज के युवा ढ़ोल बेंड बाजों की धुन पर जमकर थिरक रहे थे।

## पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नरसिंहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत इकलेरा में तीन यूट्यूबरों के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें इकलेरा के सरपंच यूट्यूबरों को पीटते दिखाई दे रहे हैं। वहीं इसी गांव के एक प्रतिनिधि संजय सिंह के घर में भी कुछ अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट व तोड़फोड़ करने की घटना सामना आई है जिसको लेकर संजय सिंह ने थाने में आवेदन दिया है। बुधवार को राजगढ़ जिला मुख्यालय पर इस संबंध में सहयोगी पत्रकार संगठन जिला राजगढ़ (म.प्र.) द्वारा जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

#### जिले में फर्जी पत्रकारों की मान्यता और कार्यशैली की भी हो जांच

गौरतलब है कि सहयोगी पत्रकार संगठन द्वारा ज्ञापन देने का उद्देश्य पत्रकारों की सुरक्षा व भविष्य में कभी भी किसी निष्पक्ष और सच्चे पत्रकार पर कोई हमला न हो और क्षेत्र में कवरेज के दौरान वह सुरक्षित रहे, इसी उद्देश्य से ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से राजगढ़ कलेक्टर से आग्रह किया गया है कि जिले में अगर कोई व्यक्ति पत्रकारिता की आड़ मेंब्लैकमेलिंग या अन्य अवैध काम करता पाया जाता है तो उनकी भी जांच हो और उन पर भी कार्रवाई हो। वहीं जिस प्रकार सरपंच श्रवणकुमार ने युटयुबरों को पीटा है वह गलत है इसमें कौन दोषी है कौन निर्दोष है। इसकी भी निष्पक्ष जांच हो और दोषी पर कार्रवाई हो। ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी सरपंच के खिलाफ वैधानिक धाराओं में मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा पीड़ति पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान की जाए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की भी मांग की गई है।

## कायाकल्प टीम ने परखी जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शासन, प्रशासन का प्रयास है कि पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर से बेहतर हों और सरकारी अस्पतालों में मरीजों को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन को जांचने, परखने स्वास्थ्य विभाग ने कायाकल्प अभियान भी चलाया हुआ है। इसी अभियान के तहत कल बुधवार सुबह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भोपाल से आई तीन सदस्यीय टीम ने जिला अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थों का जायजा लिया। टीम में शामिल अधिकारियों ने जिला अस्पताल की ओपीडी, विभिन्न वार्डों, निःशुल्क दवा वितरण केंद्र, एसएनसीयू, प्रसूती विंग सहित अन्य यूनिटों में पहुंचकर बारीकी से जांच की। अधिकारियों ने अस्पताल की स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही मरीजों को दिए जाने वाले भोजन को भी जांच।

### जिला पेंशनर्स फोरम की बैठक में कलेक्टर के निर्देश

## पेंशन प्रकरण लंबित रखने वाले बाबू को निलंबन का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विभिन्न विभागों से रिटायर्ड हो चुके कर्मचारियों के अधिकारों के लिए कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा बेहद गंभीर नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार दोपहर कलेक्टोरेट सभागार में आहूत जिला पेंशनर्स फोरम की बैठक में डॉ. मिश्रा ने दो पेंशन प्रकरणों को अनावश्यक लंबित रखने वाले लिपिक को सस्पेंड करने का नोटिस प्रदान करने के तल्ख निर्देश प्रदान किए।

बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग से संबंधित प्रकरण में यह तथ्य सामने आया कि दो कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने के उपरांत भी उनके एरियर एवं टीए के भुगतान लंबित है। इस पर कलेक्टर ने



प्रकरणों को लंबित रखने वाले बाबू बद्रीलाल वर्मा को निलंबित करने का नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही दोनों सेवानिवृतत कर्मचारियों को आगामी 3 दिवस में उनके समस्त लंबित भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश अधीनस्थों को प्रदान किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों की उपेक्षा किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।

#### सेवानिवृत्ति के पूर्व मिल जाए सर्विस बुक की प्रति

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने यह भी निर्देशित किया कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति तिथि से तीन माह पूर्व ही सर्विस बुक की प्रति उपलब्ध करा दी जाए। ताकि यदि किसी दस्तावेज की कमी हो तो समय रहते उसकी पूर्ति की जा सके और सेवानिवृत्ति उपरांत भुगतान में विलंब की नौबत ही न आए। बैठक में जिपं सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले भी मौजूद थे।

**कार्यालय तहसील खुजनेर**
**जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

क्रमांक / 232/2026
प्रकरण खुजनेर दिनांक 24/02/2026
**उद्घोषणा**

सर्व साधाराण हेतु प्रकाशित किया जाता है कि नगर परिषद खुजनेर द्वारा आवेदन एवं सहयोग सहित प्रस्तुत कर भूमिहीन व्यक्ति पट्टाधृति अधिकारो का प्रदान किया जाना अधिनियम 1984 अन्तर्गत सर्वेक्षित 131 हितग्राहियो का अन्तिम प्रकाशन किया जा चुका है। जिसमें 16 हितग्राहियो पात्र भूमिहीन व्यक्ति को रकबा नं. 2651/1/3 चरणोई मद में दर्ज है जिसमें आबादी मद में परिवर्तन करवाना चाहा है इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें।

**तहसीलदार खुजनेर**
**तहसील खुजनेर**
**जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**